**दिनाक 25.03.2017 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थिति**– पंजी के अनुसार।

दिनांक 25.03.2017 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के कार्यकारणी समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम ट्रस्ट में अबतक प्राप्त राशि एवं किये गये व्यय की समीक्षा की गयी।

समीक्षोपरान्त विभिन्न कार्यान्वयन ऐजेंसियों / विभागों से डी0एम0एफ0टी0 के तहत योजना से संबंधित प्राप्त प्रस्तावों पर योजनावार विचार करते हुए प्रबंधकीय समिति द्वारा निम्नांकित निर्णय लिया गया–

**(2) बलियापुर प्रखंड को ओ0डी0एफ0 करने का प्रस्ताव –**

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0 2, धनबाद से बलियापुर प्रखंड को ओ0डी0एफ0 करने हेतु कुल 24644 व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण का प्रास्ताव प्राप्त हुआ है, जिसकी कुल प्रस्तावित राशि 3143.588 लाख रू0 है। प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर से ग्राम सभा की प्रति प्राप्त है। प्रबंधकीय समिति की बैठक में सर्वसम्मति से बलियापुर प्रखंड को ओ0डी0एफ0 करने हेतु प्रस्ताव को न्यास परिषद के समक्ष विचारार्थ रखने का निर्णय लिया गया।

**(3) कार्यपालक पदाधिकारी, चिरकुण्डा नगर पंचायत द्वारा प्रस्तावित योजनायें –**

प्रबंधकीय समिति द्वारा झारखण्ड जिला खनिज फाउन्डेशन (ट्रस्ट) नियमावली (संशोधित), 2016 के नियम 8 (4) के आलोक में विमर्शोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नांकित अनुमान्य योजनाओं (नगर पंचायत बोर्ड से पारित) को न्यास परिषद की बैठक में विचारार्थ रखने का निर्णय लिया गया जो निम्नवत है–

| क0 | योजना का नाम | अनुमानित प्रा0 राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | चिरकुण्डा नगर पंचायत अंतर्गत 01 अद्द वॉस्केट क्रेन का क्रय | 30.00 |
| 2 | चिरकुण्डा नगर पंचायत अंतर्गत 02 अद्द Truck Mounted road Sweeping machine का क्रय | 100.00 |
| 3 | चिरकुण्डा नगर पंचायत अंतर्गत 10 स्थानों पर पेयजल हेतु RO Plant & water treatment का क्रय | 70.00 |
| 4 | चिरकुण्डा नगर पंचायत अंतर्गत Car Toeing Vehicle का क्रय | 20.00 |
| 5 | चिरकुण्डा नगर पंचायत अंतर्गत 05 अद्द सामुदायिक शौचालय का निर्माण। | 125.00 |
| 6 | चिरकुण्डा नगर पंचायत क्षेत्र में बड़ा डस्टबिन का क्रय | 200.00 |
| | कुल | 545.00 |

**(4) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता सं0 –2 से प्राप्त प्रस्ताव –**

**(i) धनबाद, तोपचांची एवं बाघमारा ग्रामीण जलापूर्ति योजना–**

| क्र0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | धनबाद | Water Supply in Munidih Basti From newly constructed Dhobni ESR of Gopinathdih Rural Water Supply Scheme | 16.683 lac |
| 2 | धनबाद | Inter connection of Raw Water Rising Main of Gopinathdih Rural Water Supply Scheme and Bhatinda Fall Rural Water Supply Scheme for Water Supply from Damodar River to Bardubhi & adjoining Villages | 4.257 lac |
| 3 | तोपचांची | हरिहरपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना का पुर्नगठन कार्य | 77.04 lac |



Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | तोपचांची | तोपचांची ग्रामीण जलापूर्ति योजना का पुर्नगठन कार्य | 2869.60 lac |
| 5 | बाघमारा | बाघमारा प्रखंड मुख्यालय एवं निकटवर्ती 65 ग्रामों में मेगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना | 9233.10 lac |
| | | कुलः | 12200.68 lac |

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं– 2 से धनबाद, तोपचांची एवं बाघमारा प्रखंड में ग्रामीण जलापूर्ति हेतु प्रस्तावित कुल 5 योजनायें जो ग्राम सभा से पारित है, कुल प्राक्कलित राशि 122.0068 करोड़ रू0 की योजनाओं को प्रबंधकीय समिति द्वारा न्यास परिषद में विचारार्थ रखने का निर्णय लिया गया।

**(ii) नक्सल प्रभावित Focus Area तथा Water Scarcity Area में 14 अदद उच्च प्रवाही नलकूप निर्माण का प्रस्ताव–**

| प्रखंड | क्र0 | पंचायत | ग्राम | टोला | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| टुण्डी | 1 | जीतपुर | मेमोरी | खास | नक्सल प्रभावित Focus Area क्षेत्र में। |
| | 2 | | परसबनी | खास | |
| | 3 | | परसबनी | माधवजोरा | |
| | 4 | मनियाडीह | शीतलपुर | खास | |
| | 5 | | मनियाडीह | गोयदाहा | |
| | 6 | | मनियाडीह | गोयदाहा | |
| | 7 | बेगनरिया | चुनुकडीहा | खास | |
| | 8 | मछियारा | मधुपुर | खास | |
| | 9 | राजाभिट्ठा | राजाभिट्ठा | खास पंचायत भवन | पूर्व में निर्मित लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना का बोर कोलेप्स होने के कारण। |
| | 10 | | राजाभिट्ठा | केसका मोड़ | |
| | 11 | कमारडीह | कमारडीह | खास | लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना हेतु अतिरिक्त श्रोत। |
| पूर्वी टुण्डी | 12 | चुरूरिया | दलदली | खास | पूर्व में जलधारा कार्यक्रम अंतर्गत निर्मित लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना हेतु। |
| बाघमारा | 13 | बाघमारा | बाघमारा | खास | विद्यमान ग्रामीण जलापूर्ति योजना में श्रोत सुदृढ़ीकरण। |
| बलियापुर | 14 | बलियापुर | बलियापुर | खास | |

**कुल प्रस्तावित योजना – 14 प्राक्कलित राशि – 30.514 लाख**

टुण्डी एवं पूर्वी टुण्डी प्रखंड डी0एम0एफ0टी0 में शामिल नहीं है। बाघमारा एवं बलियापुर प्रखंड डी0एम0एफ0टी0 के अन्तर्गत है परन्तु ग्राम सभा की प्रति अप्राप्त रहने के कारण पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0 –2 से प्राप्त 14 उच्च प्रवाही नलकूप के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अस्वीकृत किया गया।

**(5) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्र0 सं0 –1 से प्राप्त प्रस्ताव –**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | गोविन्दपुर, निरसा, कलियासोल एवं एग्यारकुण्ड प्रखण्ड में सड़े राईजर पाईप बदलकर चापाकल मरम्मति का कार्य । 479 अदद | 0.5652 crore |
| 2 | गोविन्दपुर, निरसा, कलियासोल एवं एग्यारकुण्ड प्रखण्ड में विशेष मरम्मति हेतु चापाकल का अधिष्ठापन कार्य । 700 अदद | 3.99 crore |
| 3 | मैथन स्थित गोगना इन्टेकवेल से भेलाटांड जलशोध संस्थान तक 1000 एम0एम0 व्यास का Additional Pipeline (SWMS) बिछाने का कार्य। | 140.00 Crore |
| 4 | चिरकुण्डा –कुमारधुबी जलापूर्ति योजना अन्तर्गत संजय चौक से मैथन मोड़ तक Shifting of 450 MM dia pipeline (SWMS) बिछाने का कार्य। | 8.80 Crore |
| 5 | एग्यारकुण्ड प्रखण्ड अन्तर्गत एग्यारकुण्ड पानी टंकी से गलफरबाड़ी मोड़ तक Shifting of 200 MM dia pipeline (CI) बिछाने का कार्य। | 0.20 crore |
| 6 | गोविन्दपुर प्रखंड को खुले शौच से मुक्त (ODF Block) करने का कार्य। कुल 36755 अदद व्यक्तिगत शौचालय निर्माण | 46.80 crore |
| | कुलः | 200.3552 Crore |

**कुल प्रस्तावित योजना–6 प्राक्कलित राशि 200.3552 करोड़ रू0**



Scanned by CamScanner

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं– 1 द्वारा प्रस्तावित कुल 6 योजनायें, कुल प्राक्कलित राशि 200.3552 करोड़ रू0 की योजनाओं को प्रबंधकीय समिति द्वारा योजनाओं के ग्राम सभा की प्रति दिनांक 26.03.2017 तक उपलब्ध कराने की शर्त पर न्यास परिषद में विचारार्थ रखने का निर्णय लिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| 11/4/2017 | 11/04/2017 | 11/4/17 |
| जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद। | उप विकास आयुक्त, धनबाद। | उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0,धनबाद। |

ज्ञापांक– 40 दिनांक– 13/04/2017

प्रतिलिपि– धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति के सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

| | | |
|---|---|---|
| 11/4/2017 | 11/04/2017 | 11/4/17 |
| जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद। | उप विकास आयुक्त, धनबाद। | उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0,धनबाद। |

Scanned by CamScanner